Helpline 1064 94135-02834

# कार्यालय महानिदेशक भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो

(जनसम्पर्क प्रकोष्ठ)

- ए.सी.बी. चूरू द्वारा चरण सिंह राजस्व पटवारी, पटवार मण्डल झांराल तहसील भादरा जिला हनुमानगढ़ 4,000/– रुपये रिश्वत लेते रंगे हाथों गिरफ्तार।

जयपुर, दिनांक 18 दिसम्बर, गुरूवार। ए.सी.बी. मुख्यालय के निर्देश पर ए.सी.बी. चौकी चूरू इकाई द्वारा आज दिनांक 18.12.2025 को कार्यवाही करते हुये **चरण सिंह राजस्व पटवारी, पटवार मण्डल झांसल तहसील भादरा जिला हनुमानगढ** को परिवादी से उसके, उसकी बहनो द्वारा अपनी कृषि भूमि को भाई व पिताजी के नाम हक त्याग करने पर नामान्तरण दर्ज करने की एवज में पटवारी चरण सिंह द्वारा परिवादी से **4,000/– रूपये** रिश्वत के प्राप्त किये। जिस पर चरण सिंह राजस्व पटवारी को मौके पर रंगे हाथों पकडा जाकर रिश्वती राशि चार हजार रूपये उसकी पहनी पेंट की जेब से बरामद की गई।

भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो के **महानिदेशक पुलिस श्री गोविन्द गुप्ता** ने बताया कि एसीबी चूरू चौकी को एक शिकायत इस आशय की मिली कि परिवादी के स्वयं, उसके भाई व पिता के नाम कृषि भूमि का नामान्तरकरण दर्ज करने की एवज में पटवारी झांसल द्वारा रिश्वत की मांग कर परेशान किया जा रहा है।

जिस पर एसीबी रेंज बीकानेर के **उप महानिरीक्षक पुलिस श्री भुवन भूषण यादव** के सुपरवीजन में ए.सी.बी. चूरू के **अति० पुलिस अधीक्षक श्री महावीर प्रसाद शर्मा** के निर्देशन में **पुलिस निरीक्षक श्री महेन्द्र कुमार** के नेतृत्व में मय टीम के मांग का सत्यापन करवाया जाकर आज दिनांक 18.12.2025 को ट्रेप का आयोजन कर आरोपी को चार हजार रूपये रिश्वत राशि लेते हुऐ रंगे हाथो गिरफ्तार कर रिश्वत राशि बरामद की गई। मौके पर कार्यवाही जारी हैं।

एसीबी की **अतिरिक्त महानिदेशक पुलिस श्रीमती स्मिता श्रीवास्तव** के सुपरवीजन में आरोपी से पूछताछ तथा कार्यवाही जारी है। एसीबी द्वारा मामले में भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के अन्तर्गत प्रकरण दर्ज कर अग्रिम अनुसंधान किया जायेगा।